मॉं पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश

Maa Pateswari University, Balrampur, Uttar Pradesh

Website : https://mpublp.ac.in, e-mail : reg.mpublp@gmail.com

पत्रांक– 173/2025 दिनांक–06.6.2025

# अधिसूचना

## शोध पात्रता परीक्षा –2025

मॉं पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर में परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित विषयों में संचालित होने वाले पी–एच. डी. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली शोध पात्रता परीक्षा (2024–25) के लिये अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं । ध्यातव्य महत्त्वपूर्ण तिथियॉं निम्नानुसार हैं–

| क्रमांक | विवरण | तिथियॉं |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन करने की तिथि | 07-06-2025 से16-06-2025 |
| 2 | विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन करने की अन्तिम तिथि | 20-06-2025 |
| 3 | प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 21-06-2025 |
| 4 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 23-06-2025 |
| 5 | प्रवेश परीक्षा के परिणाम की तिथि | 28-06-2025 |

**विभिन्न वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये आवेदन शुल्क इस प्रकार निर्धारित है :–**

| वर्ग | शुल्क | विलम्ब शुल्क (अन्तिम तिथि के बाद) |
|---|---|---|
| अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग/ई0डब्लू0एस0 | 2100.00 | 3100.00 |
| अनुसूचित जाति/जनजाति | 1100.00 | 2100.00 |

उक्त कार्यक्रमों हेतु विषयवार रिक्त सीटें, अर्हता, शुल्क, परीक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया आदि से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://phd.mpublp.ac.in पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश – परीक्षा से सम्बन्धित प्रामाणिक सूचनाओं के लिये नियमित रूप से विश्वविद्यालय की उक्त बेवसाइट को देखते रहें । परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित विषयों (**भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, प्राणि विज्ञान, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, भूगोल, इतिहास, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, उर्दू, सैन्य विज्ञान**) की प्रवेश परीक्षा मॉं पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर विषय के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

**नोट–**

1. **यू0जी0सी0 – नेट/यू0जी0सी0– सी0एस0आई0आर0 नेट उत्तीर्ण छात्र को उपरोक्त परीक्षा में सम्मलित होने की छूट प्रदान की जाती है, परन्तु उनको आनलाईन फार्म भरना पड़ेगा तथा साक्षात्कार में सम्मलित होना अनिवार्य होगा।**
2. **केवल वही अभ्यर्थी इस शोध पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अर्ह होंगे जिन्होंने अपनी स्नातकोत्तर परीक्षा 2023–24 में या उससे पूर्व न्यूनतम 55 प्रतिशत (सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, क्रीमीलेयर के अन्तर्गत आने वाले पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) एवं 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/नान क्रीमीलेयर पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो ।**

**संलग्नक – शोध पात्रता परीक्षा विवरणिका।**

कुलसचिव

मॉं पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समन्वयक, शोध पात्रता परीक्षा –2024–25 को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. दैनिक समाचारपत्रों अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा के सम्मानित सम्पादकगण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने – अपने प्रतिष्ठित समाचारपत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. मीडिया प्रभारी, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराते हुए प्रचारित–प्रसारित कराना सुनिश्चित करें ।
5. गार्डफाइल।

कुलसचिव

**मॉं पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर**



Scanned with OKEN Scanner